शाम से 6 सेमी प्रति घंटे बढ़ने लगा गंगा का जलस्तर

शनिवार को शाम चार बजे 73.680 मीटर रिकार्ड किया जलस्तर, चेतावनी बिंदु से 3.044 मीटर नीचे हैं गंगा का बहाव

परेशानी

मिर्जापुर, संवाददाता। जिले में शनिवार की शाम चार बजे से गंगा के जलस्तर में तेजी से वृद्धि शुरु हो गई है। शनिवार को सुबह छह बजे से ढाई सेमी प्रति घंटे गंगा के जलस्तर में वृद्धि हो रही थी। वहीं शाम को गंगा के जलस्तर में छह सेमी प्रति घंटे की वृद्धि शुरु हो गयी। गंगा का जलस्तर 73.680 मीटर रिकार्ड किया गया।

यह जलस्तर चेतावनी बिंदु से 3.044 मीटर नीचे है। गंगा के जलस्तर में तेजी से हो रही वृद्धि से तटवर्ती गांवों के लोग संभावित बाढ़ को लेकर चिंतित हो गए है। वहीं किसानों का कहना है कि गंगा के जलस्तर में यदि वृद्धि जारी रही तो खरीफ की फसलें बाढ़ के पानी से डूब जाएगी। वहीं पशुओं के लिए चारे की समस्या खड़ी हो जाएगी।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में हुई भारी बारिश के कारण गंगा की सहायक नदियों में उफान से गंगा के जलस्तर में शनिवार को तेजी से वृद्धि शुरु हो गयी है। जिले में गंगा के जलस्तर में शनिवार की शाम चार बजे से छह सेमी प्रति घंटे की दर से वृद्धि हो रही है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष के मुताबिक शनिवार को सुबह छह बजे से गंगा के जलस्तर में ढाई सेमी प्रति घंटे की वृद्धि हो रही थी। वहीं शाम को चार बजे से गंगा के जलस्तर में छह सेमी प्रति घंटे की दर से वृद्धि शुरु हो गयी। जल स्तर में तेजी से वृद्धि से तटवर्ती इलाके के किसान फसलों की सुरक्षा को लेकर चिंतित है। किसानों का कहना है कि गंगा के जलस्तर में इसी तरह वृद्धि जारी रही तो खरीफ की फसलें बाढ़ के पानी से डूब जाएगी। वहीं फसलों के डूबने से पशुओं के समक्ष चारा की समस्या खड़ी हो जाएगी। गंगा के जलस्तर में वृद्धि से छानबे, कोन, मझवां, पहाड़ी, सीखड़ और नरायनपुर ब्लॉक के लगभग चार सौ से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में आ जाएंगे। इन गांवों की फसल बाढ़ के पानी से डूब जाएगी। वहीं अन्य समस्याएं भी खड़ी हो सकती है। डीएम पवन कुमार गंगवार ने एसडीएम सदर और चुनार को गंगा के जलस्तर पर बराबर नजर रखने की हिदायत दी है।

नगर के पक्केघाट से लिया गया गंगा के बढ़ते जलस्तर का दृश्य। • हिन्दुस्तान

बारिश से हलिया बाजार में जलजमाव में फंसा बाइक सवार। • हिन्दुस्तान

हलिया के सपहरा नदी पर बने रपटा पर पानी भर जाने से इंतजार करते राहगीर।

सपहरा नदी के रपटा पर पानी आने से यातायात ठप

हलिया, हिन्दुस्तान संवाद। क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के चलते हलिया विकास खंड के सोनगढ़ा गांव स्थित बैधा देवरी जाने वाले मार्ग पर सपहरा नदी के रपटा के ऊपर से पानी चलने लगा। जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। करीब पांच घंटे तक लोग दोनों तरफ फंसे रहे। बारिश के कारण पहाड़ नदी में अचानक पानी बढ़ गया और रपटा डूब गया। सुरक्षा की दृष्टि से लोगों ने रपटा पार करना बंद कर दिया। जिससे दोनों छोर पर सैकड़ों ग्रामीण, बाइक सवार, चार चक्का वाहन और राहगीर फंसे रहे। पानी का स्तर कम होने पर आवागमन फिर से शुरू हो सका।

बारिश से हलिया बाजार में बना तालाब

दिक्कत

- पीएचसी और स्टेट बैंक मार्ग पर घुटने भर पानी, आवागमन प्रभावित
- पानी से हो कर अस्पताल पहुंच रहे मरीज, एसबीआई में घुसा पानी

हलिया, हिन्दुस्तान संवाद। क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से शनिवार को हलिया बाजार और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जाने वाले मार्ग पर सोनकर बस्ती, हलिया बाजार से ददरी रोड पर नहर के बीच नाली न होने से जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो गई।

पीएचसी मार्ग पर घुटने भर पानी भर जाने से मरीजों और बाइक सवार तीमारदारों को अस्पताल पहुंचने में भारी परेशानी हुई। वहीं बाजार के मुख्य मार्ग पर भी जलभराव से आवागमन प्रभावित हो गया है। जलभराव के कारण भारतीय स्टेट बैंक परिसर में भी पानी घुस गया। जिससे बैंक में लेनदेन प्रभावित रहा। बाजार निवासी सर्राफा व्यवसायी विजय सेठ, शेखर अग्रहरि सभा शंकर मिश्रा, भोला भुज, विजेंदर अग्रहरि, बल्लू, हरि शंकर जायसवाल, गणेश जायसवाल, हथेड़ा में पारस सेठ की दुकान व मकान में पानी घुसने से भारी नुकसान उठाना पड़ा। मुख्य मार्ग पर पानी भरने से बाजार आने-जाने वाले लोगों के साथ स्कूली बच्चों, साइकिल और बाइक सवारों को दिक्कत हो रही है। वहीं पैदल जाने वाले राहगीरों को पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नालियां जाम होने और जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण प्रत्येक बारिश में हलिया बाजार जलभराव की समस्या से जूझता है। सबसे गंभीर स्थिति पीएचसी मार्ग की है, जहां पानी भरने से मरीजों को अस्पताल पहुंचने में मुश्किल होती है। ग्राम प्रधान शिव बाबू सेठ ने बताया कि सड़क निर्माण के दौरान बाजार की पुरानी नाली ध्वस्त हो गई थी। उसके बाद कार्यदायी संस्था ने नाली का निर्माण नहीं कराया। जिससे मामूली बरसात में भी जल भराव की स्थिति विकट हो जाती है। ग्राम प्रधान ने कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल और जिलाधिकारी को पत्र देकर हलिया बाजार में नाली निर्माण कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल निकासी की तत्काल व्यवस्था कराने और जाम नालियों की सफाई कराने की मांग की है, ताकि लोगों को परेशानी से निजात मिल सके। हलिया ददरी रपटे पर जलजमाव के कारण सुबह से शाम तक आवागमन बाधित रहा।

अदवा बांध से छोड़ा गया पानी, अलर्ट

हलिया, हिन्दुस्तान संवाद। क्षेत्र के अदवा बांध के आसपास शनिवार भोर से हो रही लगातार मूसलाधार बारिश से अदवा बांध के जलस्तर में काफी वृद्धि हो गयी। बांध में पानी का दबाव अचानक बढ़ गया है। अदवा बांध की सुरक्षा और जलस्तर को नियंत्रित करने के लिए सिंचाई विभाग ने शनिवार को चार फाटक खोल दिए।

इन फाटकों के खुलते ही करीब 10 हजार क्यूसेक पानी अदवा नदी में छोड़ा गया। इससे तटीय इलाकों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता ने बताया कि केहुजुआ, टकिहा और अदवा के पर्वतीय व मैदानी क्षेत्रों से लगातार पानी की भारी आवक दर्ज की जा रही है। ऊपरी इलाकों में भारी बारिश के कारण जलाशय का जलस्तर तेजी से खतरे के निशान की ओर बढ़ रहा था। स्थिति को भांपते हुए प्रशासनिक अनुमति के बाद चार फाटकों को खोलकर जल निकासी शुरू की गई है। निचले इलाकों में अलर्ट जारी कर दिया गया है। बांध से अचानक बड़ी मात्रा में पानी छोड़े जाने के बाद अदवा नदी के जलस्तर में तेजी से वृद्धि शुरु हो गयी है।

इसे देखते हुए स्थानीय प्रशासन और सिंचाई विभाग ने नदी के निचले व तटीय इलाकों में बसे गांवों के लोगों के लिए अलर्ट जारी कर दिया है। सिंचाई विभाग और प्रशासन ने संयुक्त रूप से अपील की है कि ग्रामीण नदी के घाटों, टापुओं और संभावित जलभराव वाले स्थानों की ओर न जाएं। मवेशियों को भी सुरक्षित स्थानों पर बांधने और बच्चों को नदी के आसपास न भटकने देने की सलाह दी गई है। स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। इस संबंध में एसडीओ अनील गुप्ता ने बताया कि बांध के ऊपरी क्षेत्र में बरसात होने से 192 मीटर से ज्यादा बांध में जलस्तर होने पर चार गेट से 10 हजार क्यूसेक पानी नदी में छोडा जा रहा है।

अदवा बांध से पानी छोड़े जाने से अदवा नदी आया उफान। • हिन्दुस्तान

आकाशीय बिजली से किशोरी झुलसी

हलिया। हलिया के हथेड़ा गांव निवासी स्व.राजकुमार की पुत्री 15 वर्षीय राधा घर के बरामदे में बैठी थी। उसी समय अचानक बारिश होने लगी। बारिश के साथ तेज गरज चमक के साथ गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से राधा गंभीर रुप से झुलस गई। हलिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉ. रीना और डॉ. विमल की निगरानी भर्ती है।

कोटार नाथ मंदिर मार्ग पर जलजमाव

लालगंज। बारिश से क्षेत्र के कोटार नाथ मंदिर परिसर के पास शनिवार को पानी भर जाने पर जिलाधिकारी अजीत कुमार ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए बाइक से आवागमन रोकने के निर्देश दिया है। एसडीएम ने थानाध्यक्ष को मार्ग पर पुलिस की तैनाती कर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने की हिदायत दी। सड़क पर पानी भरा रहने प्रतिबंध रहेगा।

बीएसए और पैक्सफेड के पीओ से मांगा स्पष्टीकरण

- समीक्षा बैठक से अनुपस्थित रहने पर डीएम ने की कार्रवाई
- एक करोड़ से अधिक की परियोजनाओं की समीक्षा की

मिर्जापुर, संवाददाता। डीएम पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में सीएमआईएस पोर्टल पर प्रदर्शित एक करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली निर्माणाधीन एवं पूर्ण परियोजनाओं, क्रिटिकल गैप्स तथा पूर्वांचल निधि योजना के अंतर्गत कराए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होने बैठक से अनुपस्थित रहने पर बीएसए और पैक्सफेड के पीओ से स्पष्टीकरण मांगा है।

डीएम ने स्पष्ट किया कि सभी विभाग सीएमआईएस पोर्टल पर परियोजनाओं की अद्यतन एवं सही जानकारी नियमित रूप से अपलोड करें, ताकि प्रगति की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जा सके। जिन परियोजनाओं में कार्य अपेक्षित गति से नहीं चल रहा है, वहां संबंधित अधिकारियों से विलंब का कारण पूछा और उन्हें निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिए।

क्रिटिकल गैप्स के अंतर्गत लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए डीएम डीएम ने कहा कि विकास कार्यों में आने वाली बाधाओं का त्वरित समाधान किया जाए। उन्होंने भूमि उपलब्धता, तकनीकी स्वीकृति, उपयोगिता स्थानांतरण तथा अन्य प्रशासनिक अड़चनों का शीघ्र निस्तारण करें।

हलिया ब्लॉक सभागार में सचिवों की बैठक लेते बीडीओ विमल प्रकाश पांडेय।

अधूरे आवास जल्द पूरे कराने के निर्देश

हलिया, हिन्दुस्तान संवाद। विकास खंड हलिया में शनिवार को खंड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के ग्राम पंचायतवार आवासों की समीक्षा करते हुए अधूरे आवासों को शीघ्र पूरा कराने, पात्र लाभार्थियों को समय से योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिया। साथ ही सीएम फेलो के क्षेत्र निरीक्षण के दौरान मिली कमियों को प्राथमिकता के आधार पर अनुपालन सुनिश्चित कर आख्या मांगा गया। वीबीजी राम-जी के अंतर्गत संचालित एवं प्रस्तावित कार्यों के स्वीकृत मस्टर रोल एवं स्वीकृत एवं पात्र कार्यों के मस्टर रोल समय से जारी कर कार्य कराने के निर्देश दिया। बैठक में एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव, कृषि एवं सहकारिता नरेंद्र कानापुरिया, सीएम फेलो गौरव कुमार, ग्राम पंचायत सचिव विनोद गौड़, चद्रप्रकाश श्रीवास्तव, कौशलेन्द्र राय, बाल कृष्ण, शिवशंकर सिंह पटेल आदि मौजूद रहे।

नगर के डंकीनगंज शाखा में सांकेतिक प्रदर्शन करते बैंक कर्मचारी।

आंदोलन के समर्थन में बांधी काली पट्टी

मिर्जापुर। इंडियन बैंक डंकीनगंज शाखा के कर्मचारियों ने यूनाइटेड फॉर बैंक यूनियंस के राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तहत अपनी मांगों के समर्थन में काला फीता, बैज धारणकर विरोध स्वरूप ग्राहक हित में बैंक का पूर्ण कार्य संपन्न किया। कर्मचारी सुबह दस से शाम पांच बजे तक विरोध स्वरूप काम किया। अब कर्मचारी 11 सितंबर 2026 को देशव्यापी बैंक हड़ताल कर केंद्र सरकार के दमनकारी नीतियों एवं बैंक कर्मियों के लंबित मांगों को वित्त मंत्री की ओर से नजर अंदाज के कारण देशभर के बैंक कर्मियों में आक्रोश व्याप्त है। देश की व्यवस्था से लगता है कि केंद्र सरकार को नीतिगत आंदोलन पर ध्यान नहीं है। विरोध प्रदर्शन में यूएफबीयू जिला संयोजक सुरेश पांडेय ,नमन कुमार सिंह, अभिषेक परिहार, रविकांत सिंह, सुरेश पांडेय, दीपक कुमार शुक्ला, आजीवन कुमार, आशीष मिश्रा, वीरेंद्र, नीरज पांडेय, प्रज्ञा सिंह, दीपक कुमार, सरिता उपाध्याय, राजेंद्र, कौशल कुमार, राजेश्वर, शीला आदि रहे।

पहल | बीएचयू और जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रोपे गए पौधे

हरा-भरा हुआ राजीव गांधी दक्षिणी परिसर

मिर्जापुर, संवाददाता। पर्यावरण संरक्षण, हरित क्षेत्र के विस्तार तथा प्रकृति के प्रति जन-जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से काशी हिंदू विश्वविद्यालय के राजीव गांधी दक्षिणी परिसर बरकछा में शनिवार को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत वृहद पौधरोपण किया गया।

बीएचयू और जिला प्रशासन की संयुक्त पहल से परिसर के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग आठ हजार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन साउथ कैंपस के आचार्य प्रभारी प्रोफेसर डॉ. बीएमएन कुमार एवं पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान संकाय, बीएचयू के अधिष्ठाता डॉ. अमित राज गुप्ता के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान संकाय तथा जिला प्रशासन के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, सीडीओ विशाल कुमार तथा अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) विनोद कुमार सिंह ने पौधरोपण कर किया। उद्घाटन के अवसर पर जितेंद्र सिंह, जिला खनन अधिकारी, अभिषेक राय, उप प्रभागीय वनाधिकारी वन विभाग, शेख मुअज्जम, उप प्रभागीय वनाधिकारी वन विभाग एवं जिला प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल समन्वय एवं संचालन में राष्ट्रीय सेवा योजना, पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान संकाय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सौरभ करुणामय की भूमिका रही। इस अवसर पर एनएसएस के स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों ने पौधरोपण किया।

वृहद पौधरोपण अभियान से परिसर में जैव विविधता के संरक्षण, कार्बन उत्सर्जन में कमी, मृदा एवं जल संरक्षण तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण के निर्माण को बढ़ावा मिलेगा। इस मौके पर डॉ. राहुल कदम, डॉ. धनंजय कुमार, डॉ. दिपान्विता भट्टाचार्य, डॉ. अर्चना महापात्रा, डॉ. अभिषेक कुमार, डॉ. मुकेश भारती, डॉ. पवन यादव, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. अंशुमान, डॉ. तुलसीरामन, डॉ. कृति मंडल एवं डॉ. विपिन मौर्य आदि रहे।

साउथ कैंपस में पौध रोपण करते डीएम पवन कुमार गंगवार एवं अन्य। • हिन्दुस्तान

शहर 30s

पीड़ित के खाते में धनराशि वापस कराई

मिर्जापुर। जिगना साइबर सेल टीम ने शनिवार को पीड़ित के खाते में 11200 रुपये वापस कराया है। जिगना के गोगांव गांव निवासी सत्यम पांडेय ने 14 जनवरी को पोर्टल पर शिकायत की। बताया कि यूपीआई के माध्यम से गलती से अज्ञात व्यक्ति के खाते में धनराशि 26200 रुपये का ट्रान्जेक्शन हो गया। पुलिस ने जांच कर पीड़ित के खाते में 11200 रुपये वापस कराया है।

बीडीओ ने गोवंश आश्रय स्थल का किया निरीक्षण

जिगना। बीडीओ रामपाल एवं राजकीय पशु अस्पताल हरगढ़ के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. सुभाष सिंह ने शनिवार को निराश्रित गो-वंश आश्रय स्थल रसौली का निरीक्षण किया। बीडीओ रामपाल ने बताया कि यहां 104 गो-वंश रखे गए हैं। गो-वंश के सापेक्ष भूसा व हरा चारा तथा पशु आहार आवश्यक मात्रा में पाया गया। गोचर भूमि उपलब्ध है। यह स्थल यथावत स्थान पर रहेगा।

मां अष्टभुजा के प्राकट्य से जुड़ा है जयंती

मिर्जापुर। विंध्याचल की आध्यात्मिक परंपरा में भादो कृष्ण पक्ष द्वितीया का विशेष महत्व है। इसी पावन तिथि पर विंध्य सेवा मंच, शेरकोठी द्वारा मां विंध्यवासिनी जयंती यज्ञ का होता है। वर्ष 2009 में प्रारंभ हुआ यह आयोजन इस वर्ष 18वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। धार्मिक मान्यता में योगमाया का यही स्वरूप आगे चलकर विंध्याचल की मां अष्टभुजा के रूप में पूजित हुआ। इसी कारण अनुष्ठान होता है।

प्रदेश कराटे चैम्पियनशिप में जीता गोल्ड मेडल

जमालपुर। वाराणसी में आयोजित प्रदेश स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल बहुआर के छात्रों ने स्वर्ण पदक जीता। 15 जिलों के विभिन्न स्कूलों से 300 छात्रों में भाग लिया। स्कूल के छात्र शिव प्रकाश गिरी एवं नारायणी गिरि ने स्वर्ण पदक जीता है। शोतोकान कराटे इंडिया एसोसिएशन के सचिव विनोद वर्मा ने मेडल एवं प्रमाण-पत्र दिया। विद्यालय के डायरेक्टर रविशंकर त्रिपाठी, कोच नीरज गुप्ता, अंशुमान त्रिपाठी, चंद्र प्रकाश त्रिपाठी, अमितमणि तिवारी, डीके पाण्डेय, उपकार, राजकपूर अनुष्का देवी एवं अफसाना ने बधाई दी है।

ब्रह्माकुमारी बहनों ने बांधे रक्षासूत्र, दिया संदेश

पड़री। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि की पड़री शाखा में शनिवार को रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। ब्रह्माकुमारी की संचालिका गुंजा दीदी ने परमात्मा का ईश्वरीय संदेश सुनाया। रक्षाबंधन के अवसर पर ब्रह्माकुमारी बहनों ने पड़री थाने पहुंचकर पुलिस कर्मियों को रक्षा सूत्र बांधा। पहाड़ी ब्लॉक में ग्राम प्रधान रामदेव सरोज, टौंगा के प्रधान व्यास बिन्द और भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश सोनकर सहित क्षेत्र के कई लोगों को रक्षा सूत्र बांधा।

उपचुनाव में निर्वाचित सभासद ने ली शपथ

मिर्जापुर। नगर पालिका परिषद के वार्ड संख्या-36 बुन्देलखंडी के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी के रूप में विजयी नितिन केशरवानी ने शनिवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। साथ ही उन्होंने नगर पालिका के निर्वाचित सभासद के रूप में विधिवत कार्यभार संभाल लिया। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी, अधिशासी अधिकारी जी लाल, एसडीएम, सभासद, नामित सभासदों सहित नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! punjab national bank ...the name you can BANK upon!

ई-नीलामी बिक्री सूचना

एआरएमबी प्रयागराज, प्रथम तल, संगम प्लेस, सिविल लाइन्स, प्रयागराज-211001
ई-मेलः cs8299@pnb.bank.in

अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रर्वतन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधानों के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की ब्रिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस।

एतदद्वारा सामान्य रूप से सर्वसाधरण को एवं व्यक्तिगत रूप से ऋणकर्ता (ओं) और जमानतकर्ता(ओं) को सूचित किया जाता है कि सेक्योर्ड क्रेडिटर्स के पास बंधक/प्रभारित नीचे बताई गई अचल सम्पत्ति, जिसका बैंक/सेक्योर्ड क्रेडिटर्स के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा रचनात्मक/भौतिक/प्रतीकात्मक कब्जा लिया जा चुका है, को सम्बन्धित ऋणकर्ता(ओं) और जमानतकर्ता(ओं) से बैंक/सेक्योर्ड क्रेडिटर्स को देय, देय राशि की वसूली के लिए नीचे दी गई तालिका में बतायी गई तिथि को **'जहां है जैसा है'**, **'जो है जैसा है'** और **'जो भी वहाँ है'** के आधार पर बिक्री किया जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं धरोहर राशि (अरनेस्ट मनी) सम्बन्धित सम्पत्तियों के एवज में नीचे दी गई तालिका के अनुसार जमा किया जाएगा।

प्रतिभूतित आस्तियों का सेड्यूल

क्र. सं.	शाखा का नाम / खाता का नाम / ऋणी / जमानतकर्ता का नाम एवं पता	बंधक सम्पत्तियों का विवरण/स्वामियों का नाम (सम्पत्तियों के बंधककर्ता)	(अ) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अन्तर्गत माँग सूचना की तिथि (ब) बकाया राशि (स) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के अन्तर्गत कब्जा तिथि (द) कब्जा का प्रकार प्रतीकात्मक/भौतिक/रचनात्मक	(अ) आरक्षित मूल्य (रू. लाख में) (ब) ई.एम.डी. (ई.एम.डी. जमा करने की अंतिम तिथि) (रू. लाख में) (स) बिड वृद्धि राशि (रू. लाख में)	ई-नीलामी तिथि/समय	सुरक्षित लेनदारों को ज्ञात ऋण भार का विवरण
01	एआरएमबी प्रयागराज (829900) मेसर्स किशन इंजीनियरिंग वर्क्स **(1) मेसर्स किशन इंजीनियरिंग वर्क्स (प्रो. श्री अशोक कुमार सिंह), पताः** ग्राम- दादरा, पोस्ट- देवपुरा, राजगढ़, जिला- मिर्ज़ापुर (उ.प्र.)-231210 **(2) श्री अशोक कुमार सिंह पुत्र श्री मच्छनारायण सिंह, पताः** ग्राम- दादरा, पोस्ट देवपुरा, राजगढ़, जिला. मिर्ज़ापुर (उ.प्र.)-231210 **(3) श्री ओमराव सिंह पुत्र श्री अजगुत सिंह, पताः** ग्राम- दधिया, पोस्ट देवपुरा, परगना सक्तेशगढ़, तहसील मरिहान, जिला- मिर्ज़ापुर (उ.प्र.)-231210 **(4) श्री कृष्ण कुमार पुत्र श्री राधेश्याम, पताः** ग्राम रामपुर 33, परगना सक्तेशगढ़, तहसील मरिहान, जिला- मिर्ज़ापुर (उ.प्र.)-231210 **(5) श्री अजय कुमार सिंह पुत्र श्री सत्यनारायण सिंह, पताः** दादरा, मुहल्ला-रामपुर (पहाड़ी), पोस्ट देवपुरा, परगना सक्तेशगढ़, तहसील मड़िहान, जिला- मिर्ज़ापुर (उ.प्र.)-231210	**(1)** आराजी संख्या 140/1 मि. भूमि का साम्यिक बंधक जिसका मौजा विशुनपुर, परगना सक्तेशगढ़, तहसील मरिहान और जिला मिर्जापुर में स्थित बिक्री विलेख संख्या 3023 के अनुसार 22.07.2014 (पृष्ठ संख्या 325 से 336), बुक संख्या 1, खंड संख्या 971 सब-रजिस्ट्रार मरिहान, जिला मिर्जापुर के कार्यालय में पंजीकृत है। **क्षेत्रफल-** 2.529 हेक्टेयर में से 0.228 हेक्टेयर। **स्वामी- श्री अजय कुमार सिंह पुत्र श्री सत्यनारायण सिंह, चौहद्दी (विलेख के अनुसार): पूर्व-** मोहम्मद अबरार की कृषि भूमि, **पश्चिम-** सीमा देवी की कृषि भूमि, **उत्तर-** चकमार्ग, **दक्षिण-** शिवम आदि की कृषि भूमि।	(अ) 17.10.2018 (ब) (1) रू. 54,66,983.11 + देय ब्याज दिनांक 30.09.2018, से प्रभावी एवं अन्य प्रभार (-) वसूली, यदि कोई हो (2) रू. 1,64,61,493.60 + देय ब्याज दिनांक 31.07.2026, से प्रभावी एवं अन्य प्रभार (-) वसूली, यदि कोई हो (स) 19.12.2018 (द) प्रतीकात्मक कब्जा	(अ) रू. 35,00,000 (ब) रू. 3,50,000 (स) रू. 50,000	24.09.2026 को प्रातः 11.00 से सायं 04.00 बजे तक	ज्ञात नही
		(2) आराजी संख्या 140/1 मि. भूमि का साम्यिक बंधक जिसका मौजा विशुनपुर, परगना सक्तेशगढ़, तहसील मरिहान, जिला मिर्जापुर में स्थित, सेल डीड संख्या 3021 के तहत 22.07.2014 (पृष्ठ संख्या 301 से 312) बुक संख्या 1, खंड संख्या 971 सब-रजिस्ट्रार मरिहान, जिला मिर्जापुर के कार्यालय में पंजीकृत है। **क्षेत्रफल-** 2.529 हेक्टेयर में से 0.228 हेक्टेयर, **स्वामी- श्री ओमराव सिंह पुत्र श्री अजगुत सिंह। चौहद्दी (विलेख के अनुसार): पूर्व-** आनंद सिंह की कृषि भूमि, **पश्चिम-** सीमा देवी की कृषि भूमि, **उत्तर-** चकमार्ग, **दक्षिण-** शिवम आदि की कृषि भूमि। **(3)** आराजी संख्या 140/1 मि. भूमि का साम्यिक बंधक जिसका मौजा- विशुनपुर, परगना सक्तेशगढ़, तहसील मड़िहान, जिला मिर्जापुर में स्थित, बिक्री विलेख संख्या 3076 के अनुसार 22.07.2014 को पंजीकृत (पृष्ठ संख्या 361 से 372), बही संख्या 1, जिल्द संख्या 971, कार्यालय उप निबंधक मड़िहान जिला मिर्जापुर में, क्षेत्रफल- 2.529 हेक्टेयर में से 0.228 हेक्टेयर, **स्वामी- श्री कृष्ण कुमार पुत्र राधेश्याम। चौहद्दी (विलेख के अनुसार): पूर्व-** रामवली सिंह की कृषि भूमि, **पश्चिम-** सीमा देवी की कृषि भूमि, **उत्तर-** चकमार्ग, **दक्षिण-** शिवम आदि की कृषि भूमि।				

नियम एवं शर्तें

(1) बिक्री सुरक्षा नियम (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 और आगे की नियम एवं शर्तों के अधीन होगी। (2) सम्पत्तियों को **'जहां है जैसा है'**, **'जो है जैसा है'** और **'जो भी वहाँ है'** के आधार पर बेचा जा रहा है। (3) उपरोक्त अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित परिसंपत्तियों के विवरण को प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के लिए कहा गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस उदघोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत बयान या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा। (4) बिक्री के लिए **दिनांक 24.09.2026** को **सुबह 11.00 बजे से सांय 04:00 बजे** के मध्य वेबसाइट **(1) https://ebkray.in (2) www.pnbindia.in** पर उपलब्ध कराए गये ई-नीलामी मंच के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी। (5) बिक्री की विस्तृत नियम तथा शर्तों के लिए, कृपया **https://ebkray.in** और **www.pnbindia.in** को देखें।

सरफेसी अधीनियम, 2002 के नियम 8(6) के तहत सांविधिक बिक्री सूचना

दिनांकः 21.08.2026 **स्थानः प्रयागराज** **प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक**